# कार्यालय जिला पंचायत बलरामपुर–रामानुजगंज (छ0ग0)

*Email :- pmayg.balrampur@gmail.com, zp-balrampur.cg@gov.in*

क्र0 / 8446 / PMAY-G / नियुक्ति / जि.पं. / 2024–25 बलरामपुर, दिनाँक 23/04/2025

## / / विज्ञापन / /

संचालनालय, प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण का पत्र क्र0 / 1251 / PMAY-G / स्था. / 31 / 2024 :: नवा रायपुर अटल नगर, दिनाँक 20.09.2024 द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण अंतर्गत जिला पचांयत स्तर के निम्नानुसार पद पर भर्ती हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कार्यालय बलरामपुर–रामानुजगंज के नाम से आवेदन पत्र स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक के माध्यम से **दिनाँक** 02/05/2025 **अपराह्न 05:30 बजे तक** आमंत्रित किये जाते हैं। योजनांतर्गत **लेखापाल (जिला स्तर)**, के पदों पर चयन हेतु निर्धारित शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य जानकारी तथा आवेदन पत्र प्रारूप जिला बलरामपुर–रामानुजगंज के वेब–साईट **www.balrampur.gov.in** पर देखा जा सकता है तथा डाउनलोड किया जा सकता है साथ ही संबंधित जानकारी जिला पंचायत बलरामपुर–रामानुजगंज के सूचना पटल पर भी देखा जा सकता है। पूर्व में जारी विज्ञापन अनुसार प्राप्त आवेदन मान्य है, उन्हे पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है निर्धारित तिथि व समय उपरांत प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण अन्तर्गत जिला एवं जनपद स्तर पर रिक्त पदों की जानकारी**

| क्र0 | पदनाम | जिला पंचायत स्तर | | | | | जनपद पंचायत स्तर | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अना. | अपिव | अजा | अजजा | कुल | अना. | अपिव | अजा | अजजा | योग |
| 1 | लेखापाल | 01 | – | – | – | 01 | – | – | – | – | – |

**अनिवार्य शैक्षणिक योग्यताः–**

| क्र0 | पदनाम | संविदा वेतन | शैक्षणिक अर्हता | मेरिट हेतु अंक का निर्धारण | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लेखापाल (जिला स्तर) | 23350 / – (लेवल 6) | (छ0ग0 शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के द्वारा जारी अर्हता अनुसार।) (1) किसी मान्यता प्राप्त वि0वि0 से वाणिज्य में स्नातक (2) कम्प्युटर एप्लीकेशन में डिग्री / डिप्लोमा सम्बन्धित प्रमाण–पत्र | हायर सेकेण्डरी में प्राप्त प्रतिशत् पर 100 अंकों का Weightage देते हुए | 30 |
| | | | | अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता (वाणिज्य विषय में स्नातक) में प्राप्त प्रतिशत् पर 100 अंकों का Weightage देते हुए | 30 |
| | | | | शासकीय कार्य का अनुभव (प्रत्येक वर्ष हेतु 04 अंक) अधिकतम 20 अंक | 20 |
| | | | | कम्प्युटर प्रायोगिक परीक्षा पर | 20 |
| | | | | **प्राथमिकता** 1. प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण में कार्यानुभव को प्राथमिकता 2. उच्च शिक्षा / एम.कॉम को प्राथमिकता | |

**अनिवार्य शर्त :– अनुभव हेतु पदों में दिए गए आवश्यक वर्षो का सैलेरी स्लिप / बैंक स्टेटमेंट आवश्यक है।)**

**<u>उक्त संविदा रिक्त पदों की भर्ती हेतु नियम एवं शर्तें निम्नवत हैं :–</u>**

1. निर्धारित प्रारूप में आवेदन बंद लिफाफे में केवल पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बलरामपुर के नाम से दिनांक 02/05/25 को सायं 5:30 बजे तक प्राप्त किये जावेंगे। व्यक्तिगत रूप से सीधे आवेदन अथवा ई–मेल अथवा अन्य इलेक्ट्रानिक माध्यम से स्वीकार नहीं किये जावेंगे। निर्धारित समय–सीमा के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।

2. आयु न्युनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर पर जारी छूट संबंधी आदेश/निर्देश संविदा नियुक्ति के लिए लागू होंगे। आयु की गणना 01 सितम्बर 2024 के आधार पर की जावेगी।
3. सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र ही मान्य किया जावेगा।
4. आवेदक द्वारा आवेदन हेतु समस्त आवश्यक दस्तावेजों की स्व–प्रमाणित छायाप्रति संलग्न किया जाना आवश्यक है।
5. आवेदक को छ0ग0 राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है। सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र की स्व–प्रमाणित प्रति संलग्न किया जाना होगा।
6. संविदा नियुक्ति अधिकतम तीन वर्ष के लिये होगी। तत्पश्चात् आवश्यकता होने पर कार्य योग्यता, कार्यक्षमता एवं व्यवहार के आधार पर शासन के निर्देशानुसार दोनों पक्षों की सहमति से कार्य अवधि एक वर्ष के लिये निरंतर रखे जाने पर विचार किया जा सकता है।
7. यह नियुक्ति सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन क्र0 एफ.9–1/2012/1–3 दिनांक 31 दिसम्बर 2012 एवं अद्यतन निर्देश के अनुसार संविदा नियुक्ति के संबंध में समस्त शर्तें लागू होगी।
8. संविदा अवधि में छत्तीसगढ़ सिविल सेवा(संविदा नियुक्ति) नियम 2012 के तहत अवकाश की पात्रता होगी।
9. संविदा पर नियुक्त व्यक्ति छत्तीसगढ़ सिविल सेवा(आचरण) नियम 1965 से शासित होंगे।
10. संविदा अवधि के दौरान दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या उसके एवज में एक माह का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।
11. सेवा समाप्ति पश्चात् संविदा अधिकारी/कर्मचारी के रूप में दी गई सेवा अवधि हेतु किसी प्रकार की पेंशन, उपादान या मृत्यु–लाभ आदि की पात्रता नहीं होगी।
12. जिले में प्राप्त कुल आवेदन पत्रों का मेरिट आधार पर सूचीबद्ध किया जायेगा और उनको कौशल परीक्षा के लिए 01 पद के विरूद्ध वरीयता क्रम के 10 अभ्यर्थियों को बुलाया जाएगा तदोपरान्त कौशल परीक्षा में प्राप्त अंकों को जोड़ते हुए अंतिम चयन सूची तैयार किया जावेगा।
13. मेरिट सूची में समान अंक होने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में कार्यानुभव या उच्च शिक्षा/ एम. कॉम. को प्राथमिकता दिया जावेगा।
14. सर्वोच्च अंक अर्जित करने वाले आवेदक को नियुक्ति दिया जावेगा। 05 आवेदक को प्रतिक्षा सूची में रखा जावेगा एवं भविष्य में पद रिक्त होता है तो उसे प्रतीक्षा सूची से भरा जावेगा।
15. शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थाओं में कार्यरत आवेदक को अपना आवेदन पत्र उचित माध्यम से अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित, प्रस्तुतं किया जाना होगा।
16. अपूर्ण/ अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जावेगा एवं कोई सूचना नहीं दी जावेगी।
17. लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम का स्पष्ट उल्लेख किया जावे, अन्यथा आवेदन निरस्त किया जावेगा।
18. आवेदक, जिसने विवाह के लिये निर्धारित न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, नियुक्ति हेतु पात्र नहीं होगा। विवाह प्रमाण पत्र संलग्न करें।
19. आवेदक जिनकी दो से अधिक जीवित संतान हैं, जिनमें से एक जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात् हुआ हो, नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।
20. उम्मीद्वार जिसने ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो जिसकी पहले से ही एक पति/पत्नी जीवित हो, पात्र नहीं होगा। ऐसे मामले में शासन ही अन्यथा निर्णय ले सकता है अर्थात् यदि शासन को इस बात का समाधान हो जाये कि, ऐसा करने का पर्याप्त कारण हैं तो वह इस प्रतिबंध से छूट दे सकता है।
21. नियुक्ति के संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत का निर्णय अंतिम एवं बंधनकारी होगा।
22. आवेदक एक से अधिक जिलों में एक ही पद में आवेदन हेतु पात्र नहीं होंगे। यदि आवेदक द्वारा एक से अधिक जिले में आवेदन प्रस्तुत किया जाता है, तो ऐसी स्थिति में आवेदक के समस्त आवेदन स्वमेव निरस्त माना जावेगा।
23. आवेदन पत्र का विस्तृत प्रारूप जिला बलरामपुर–रामानुजगंज के वेब–साईट **www.balrampur.gov.in** पर देखा जा सकता है तथा डाउनलोड किया जा सकता है साथ ही संबंधित जानकारी जिला पंचायत बलरामपुर–रामानुजगंज के सूचना पटल पर भी देखा जा सकता है।

24. प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण विकास भवन, प्रथम तल, सेक्टर–19 नार्थ ब्लॉक छ0ग0, नवा रायपुर, अटल नगर के विज्ञापन क्र0/1127/प्र.मं.आ.यो.–ग्रा./स्था./31/2024, नवा रायपुर, दिनांक 03/09/2024 एवं **प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अन्तर्गत कार्यालयीन विज्ञापन** क्रमांक/2440/ पीएमएवाय–जी/नियुक्ति/जि.पं./2024–25, बलरामपुर दिनांक 27.09.2024 तक **लेखापाल के पद हेतु** जिन्होने आवेदन प्रस्तुत किया हो उन्हें पुनः आवेदन प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है।

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
जिला पंचायत बलरामपुर–रामानुजगंज

पृ0क्र0/8417/PMAY-G/आ.मि.नियुक्ति/जि.पं./2024–25 बलरामपुर, दिनाँक 23/04/2025

**प्रतिलिपि :–**

1. **संचालक,** प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण, विभागाध्यक्ष कार्यालय, विकास भवन, नवा रायपुर अटल नगर, जिला रायपुर, छ0ग0 को सादर सूचनार्थ।
2. **कलेक्टर,** जिला बलरामपुर–रामानुजगंज, छ0ग0 को सादर सूचनार्थ।
3. **जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी,** जिला बलरामपुर–रामानुजगंज को वेबवाईट में अपलोड करने हेतु।
4. **सहायक संचालक,** जन सम्पर्क, जिला बलरामपुर–रामानुजगंज को दैनिक सामाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशनार्थ प्रेषित।
5. **मुख्य कार्यपालन अधिकारी,** जनपद पंचायत (सर्व), जिला बलरामपुर–रामानुजगंज को सूचना पटल पर चस्पा करने हेतु प्रेषित।
6. कार्यालयीन सूचना पटल।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
जिला पंचायत बलरामपुर–रामानुजगंज

# कार्यालय जिला पंचायत बलरामपुर–रामानुजगंज (छ0ग0)

***Email :- pmayg.balrampur@gmail.com, zp-balrampur.cg@gov.in***

**आवेदित पद का नाम** ..............................................................

स्वयं द्वारा सत्यापित पासपोर्ट साईज फोटो

**प्रति,**

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी,**
जिला पंचायत बलरामपुर–रामानुजगंज (छ0ग0)
पिनकोड – 497119

1. आवेदक / आवेदिका का नाम (अ) (हिन्दी में) : ..........................................................................................
   (ब) अंग्रेजी (कैपिटल लेटर में) : ..........................................................................................
2. लिंग(पुरूष / महिला) : ..........................................................................................
3. जन्म तिथि (अ)अंकों मे : ..........................................................................................
   (ब) शब्दों में : ..........................................................................................
   (स) दिनांक 01.09.2024 को आयु : वर्ष ...................माह ........................दिन ..................
4. वर्ग(अ.जा. / अ.ज.जा. / अन्य पि.व. / सामान्य) : ..........................................................................................
5. पत्र व्यवहार का वर्तमान पता (हिन्दी में) : ..........................................................................................
   : ..........................................................................................
.6. स्थायी पता (हिन्दी में) : ..........................................................................................
   : ..........................................................................................
7. मोबाईल नंबर : ..........................................................................................
8. ई–मेल आईडी : ..........................................................................................
9. आधार नंबर : ..........................................................................................

**10. शैक्षणिक योग्यता:–**

| क्र0 | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | बोर्ड / विवि का नाम | उत्तीर्ण करने का वर्ष | प्राप्तांक | पूर्णांक | प्राप्तांक का प्रतिशत् | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | |
| 3 | | | | | | | |
| 4 | | | | | | | |
| 5 | | | | | | | |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | | | | |

11. अनुभव :—

| क्र0 | संस्था का नाम | पदनाम | अनुभव समयावधि | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | दिनांक से | दिनांक तक | वर्ष | माह |
| 1 | | | | | | |
| 2 | | | | | | |
| 3 | | | | | | |

**12. वैवाहिक स्थितिः—**

क. विवाहित/अविवाहित : ..........................................................................

ख. विवाहित होने पर निम्न जानकारी भी देंवें : ..........................................................................

विवाह का दिनांक : ..........................................................................

ग. परिवार के संतान का विवरणः—

| क्र0 | नाम | पुत्र/पुत्री | जन्म दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1 | | | |
| 2 | | | |
| 3 | | | |

**संलग्न प्रमाण पत्रों की सूचीः—**

**1** ................................................................ **2** ................................................................

**3** ................................................................ **4** ................................................................

**5** ................................................................ **6** ................................................................

**7** ................................................................ **8** ................................................................

.......................................

**आवेदक का नाम एवं हस्ताक्षर**

**//घोषणा—पत्र//**

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त समस्त जानकारियां पूर्ण एवं सत्य है। चयन होने तथा भविष्य में किसी भी स्तर पर असत्य पाये जाने पर मेरी सेवाएं समाप्त कर मेरे विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने का पूर्ण अधिकार होगा।

दिनांकः— ..........................

स्थानः—............................

.......................................

**आवेदक का नाम एवं हस्ताक्षर**